कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208002

पत्र सं0: 204 / शैक्षिक / स्पे0 कैरीओवर / 2022–23 दिनांक : 06 / 06 / 2023

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2022–23 बी0टेक0 चतुर्थ वर्ष (पासआउट) में अनुत्तीर्ण छात्रों की स्पेशल **कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 03.07.2023 से 15.07.2023** के मध्य होना निर्धारित है। विश्वविद्यालय के बी0टेक0, चतुर्थ वर्ष (पासआउट) में अनुत्तीर्ण समस्त छात्रों हेतु स्पेशल कैरी ओवर के परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2023 (दिन सोमवार) से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर Student Portal (ERP) पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। समस्त छात्र Student Portal (ERP) पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन दिनांक 24 / 06 / 2023 दिन शनिवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र रू0 1000 / – प्रति विषय के निर्धारित परीक्षा शुल्क को ERP के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना सुनिश्चित करें।

शैक्षिक सत्र 2022–23 के स्पेशल कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, परीक्षा के तीन दिन पूर्व ERP Portal के माध्यम से निर्गत किये जायेंगें।

06.06.2023

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे समस्त छात्रावासो के सूचना पट्टों पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Notice for Special Carryover for Final Year Passout 2022-23" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड / प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप